मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–8, अंक–1, मार्च 2008

किसी भी ट्रेड संबंधित जानकारी हेतु कृपया KAM टाइप कर 57333 पर एसएमएस करें।

## झारखंड में और मजबूत हुई कामधेनु की पकड़

**कामधेनु** इस्पात लिमिटेड ने झारखंड में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए देवघर स्थित भवानी फेरो (प्रा.) लि. के साथ लाइसेंस आधारित समझौता किया है। भवानी फेरो (प्रा.) लि. के साथ कामधेनु का यह कंपनी की सोची–समझी रणनीति का हिस्सा है। कामधेनु इस्पात लि. के उत्पादों की पहुँच झारखंड में पहले से बनी हुई है और इस समझौते के बाद कामधेनु टीएमटी की पहुँच पूरे प्रदेश में अत्यंत सुलभ हो जाएगी।

समझौते की विधिवत घोषणा 24 फरवरी को झारखंड के देवघर में की गयी। कामधेनु इस्पात लि. की ओर से कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, जीएम–मार्केटिंग श्री एस.बी. शर्मा, एजीएम–मार्केटिंग श्री वी.के. श्रीवास्तव इस अवसर पर उपस्थित थे। जबकि भवानी फेरो (प्रा.) लि. की ओर से इसके प्रबंध निदेशक श्री विनोद सुलतानिया, निदेशक श्री नरेन्द्र सुलतानिया, श्री राजेश सुलतानिया, श्री आशीष सुलतानिया एवं श्री मनीष सुलतानिया भी वहाँ पर मौजूद थे। समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के माहौल में हुआ और इसमें झारखंड के 150 से अधिक डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों एवं मीडिया के लोगों ने हिस्सा लिया।





**समारोह को सम्बोधित करते हुए कामधेनु इस्पात लि. के एजीएम–मार्केटिंग श्री वी.के. श्रीवास्तव, जीएम–मार्केटिंग श्री एस.बी. शर्मा, भवानी फेरो (प्रा.) लि. के प्रबंध निदेशक श्री विनोद सुलतानिया एवं कामधेनु इस्पात लि. निदेशक श्री सुनील अग्रवाल,**

कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने समारोह में मौजूद सभी आगंतुको एवं दोनों कंपननियों से जुड़े लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह समझौता प्रदेश में कंपनी की साख को और अधिक मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होनें कहा "हम इस क्षेत्र में अपने उत्कृष्ठ उत्पादों के साथ काफी समय से यहाँ के उपभोक्ताओं के बीच मौजूद हैं। अब कामधेनु ब्रांड टीएमटी के जरिए कंपनी अपनी सर्वोत्तम गुणवत्ता एवं बेहतरीन सेवाओं की बदौलत उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने में कामयाब होगी।

झारखंड के बाजार में कामधेनु ब्रांड ने अपनी अलग पहचान कायम कर ली है। यहाँ के उपभोक्ताओं को कामधेनु ब्रांड और इससे जुड़े उत्पादों पर पूरा भरोसा है। झारखंड सहित इससे सटे प्रदेशों में कामधेनु इस्पात लि. के लिए मार्केटिंग की चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वाह करने वाले श्री वी.के. श्रीवास्तव इस नयी पहल से काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा "कामधेनु ब्रांड की जो पहचान देश के कोने–कोने में बनी है, उसे झारखंड में और मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए यहाँ 5 डिस्ट्रीब्यूटरों एवं 150 से अधिक डीलरों की नियुक्ति की गई है। हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि कामधेनु के साथ जुड़ने वाला हर व्यक्ति अपने नफे–नुकसान को दरकिनार कर पूर्ण संतुष्टि एवं शांतचित्त होकर अपनी संपूर्ण क्षमता का इस्तेमाल करता है, और अपने साथ कंपनी के लिए भी सफलता के नये आयाम स्थापित करता है।

झारखंड में आधारभूत क्षेत्र का विकास काफी तेजी से हो रहा है। यहाँ की सरकार निर्माण एवं विकास संबंधी सभी पहलुओं पर सक्रिय पहल कर रही है। सरकार ने नई औद्योगिक नीति बनाकर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की गति को तीव्र करने का जिम्मा उठाया है। यही वजह है कि यहाँ इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरतों से जुड़ी सामग्रियों के उत्पादन एवं आपूर्ति से संबंधित उद्योगों को तीव्र विकास की आहट महसूस हो रही है। निर्माण संबंधी सामग्रियों के लिए देश की अग्रणी कंपनी होने के कारण कामधेनु इस्पात लि. के लिए यह अवसर अत्यंत अनुकूल है और इस समझौते के साथ कामधेनु ने अपनी क्षमताओं में नयी जान फूँककर एक सुनहरे भविष्य की बुनियाद को दृढ़ता प्रदान की है।

# महाराष्ट्र के बाजार में कामधेनु पीवीसी पाइप




**उद्घाटन समारोह में: कामधेनु इस्पात लि. के श्री भास्कर चौधरी, एजीएम–मार्केटिंग (संबोधित करते हुए) साथ हैं कामधेनु इस्पात लि., श्री खाटूश्यामजी रि–रोलिंग मिल और सूरज पॉलिमर्स के निदेशकगण**

**निर्माण** एवं आधारभूत क्षेत्र की प्रगतिशील कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने उत्पादों की श्रृंखला में इज़ाफा करते हुए कामधेनु ब्रांड के पीवीसी पाइप को महाराष्ट्र के बाजार में उतारा है। कंपनी इस उत्पाद को नांदेढ़ स्थित सूरज पॉलिमर्स के साथ फ्रैंचाइजी करार के तहत बाजार में ला रही है। कंपनी ने इस उत्पाद को एक नांदेढ़ में हुए एक समारोह में बाजार के लिए प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री सचिन अग्रवाल, प्रेसिडेंट श्री पंकज अग्रवाल, जीएम मार्केटिंग श्री नरेश कपूर, एजीएम मार्केटिंग श्री भास्कर चौधरी, के साथ सूरज पॉलिमर्स के निदेशक श्री राम डी तूप्तेवार, श्री रमेश पारसेवार और श्री खाटूश्यामजी रि–रोलिंग मिल्स के निदेशक श्री नवल गुप्ता एवं श्री श्याम गुप्ता मौजूद थे।

इस अवसर पर श्री भास्कर चौधरी ने बताया कि महाराष्ट्र के टीयर दो एवं टीयर तीन शहरों में हो रहे आवासीय एवं व्यासायिक निर्माणों में बढ़ोत्तरी के साथ ही पीवीसी पाइप जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद की खपत के मद्देनजर कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने इसे बाजार में उतारा है। आवासीय एवं व्यासायिक निर्माण में पीवीसी पाइप की मांग काफी है। ऐसे में कंपनी ने बाजार को बेहतरीन पीवीसी पाइप बेहतर मूल्य पर मुहैया करायेगी। यही वजह है कि हमने नांदेढ़ स्थित सूरज पॉलिमर्स को अपना सहयोगी बनाया है। सूरज पॉलिमर्स के पास उत्कृष्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर है और इनकी स्थानीय बाजार पर खासी पकड़ भी है। हमारी योजना के अनुसार हम पहले चरण में इस उत्पाद को महाराष्ट्र और इसके आस–पास के क्षेत्रों के बाजार में उतारेंगे।

श्री चौधरी के अनुसार इस इकाई की क्षमता 8,400 मेट्रिक टन सालाना है। यहां से 20मिमि से ले कर 250मिमि तक के पाइप निर्माण होंगे। इन उत्पाद श्रृंखला में रिजिड पीवीसी पाइप एंट फिटींग्स, केसिंग पाइप, एसडब्लूआर पाइप, एचडीपीइ पाइप, एएसटीएम पाइप और स्प्रिंकलर सिस्टम जैसे विविध पाइप उपलब्ध होंगे। कामधेनु पीवीसी पाइप अपने बेहतरीन मजबूती और हल्के वजन की वजह से काफी आसानी से कहीं भी लगाया जा सकता है। ये सारे पाइप मौजूदा निर्माण की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाये गये हैं।

# राजमिस्त्रियों ने कहाः कामधेनु है हमारी पहली पसंद




**समारोह के अवसर पर श्री धीरेंद्र त्रिपाठी, श्री विपिन जामवल को स्मृति चिन्ह देते हुए**

**हिमाचल** प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित कदलघोर में कामधेनु इस्पात लि. की ओर से फरवरी में एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यहाँ उपस्थित 200 से अधिक राजमिस्त्रियों ने सामूहिक स्वर में कहा – कामधेनु ही हमारी पहली पसंद है।

इस अवसर पर श्री धीरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि अपनी अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता की बदौलत कामधेनु देश की अग्रणी स्टील कंपनी बन चुकी है। श्री किशन धर ने बताया कि कामधेनु टीएमटी का उत्पादन अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा होता है, जो इसे संपूर्ण सुरक्षा की गारंटी प्रदान करता है।

कार्यक्रम के दौरान श्री राकेश गुप्ता ने कामधेनु टीएमटी के बारे में कई अहम तकनीकी जानकारियाँ दी। वहाँ उपस्थित राजमिस्त्रियों ने कामधेनु टीएमटी के उत्कृष्ठ गुणवत्ता के दावों को सही ठहराते हुए एक स्वर में कहा कि हम सभी कामधेनु को अपनी पहली पसंद मानते हैं।

कार्यक्रम के अंत में राजमिस्त्रियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और साथ ही कामधेनु के प्रति अपना भरोसा बनाए रखने का भी अनुरोध किया। इस उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कामधेनु के डीलर मेसर्स विपिन जामवल ट्रेडिंग कंपनी के सौजन्य से किया गया।

# निवेशकों को 27.89 लाख वारंट जारी करेगी कामधेनु




**कामधेनु इस्पात लिमिटेड की इजीएम के दौरानः सीएफओ, श्री हरीश अग्रवाल, कंपनी सचिव, श्री संजीव बजाज, निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल, सीएमडी, श्री सतीश अग्रवाल, निदेशक, श्री सौरभ अग्रवाल, एवं श्री सचिन अग्रवाल**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से 03 मार्च 2008 को आयोजित ईजीएम में एक विशेष प्रस्ताव पारित कर शेयर धारकों को यह जानकारी दी गई कि कंपनी अपने चुनिंदा निवेशकों को प्राथमिकता के आधार पर 27.89 लाख परिवर्तनीय वारंट जारी करेगी। कंपनी ने यह निर्णय अपने पेंट प्रोजेक्ट, प्लाईवुड प्रोजेक्ट एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक अतिरिक्त मार्जिन मनी की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से लिया है।

इस आशय के लिए आयोजित बैठक में कंपनी के शेयर धारको ने 27.89 लाख परिवर्तनीय वारंट के लिए प्रोमोटर समूह के चुनिंदा व्यक्तियों के बीच 37 रुपये मूल्य वाले परिवर्तनीय वारंट जारी करने पर सहमति की मुहर लगा दी। इन वारंटों को 10 रुपये मूल्य वाले शेयरों पर 27 रुपये के प्रीमियम पर जारी किया जाएगा तथा आवंटन की तिथि से 18 महीने के अंदर इनको शेयरों में बदला जा सकेगा।

इस फैसले पर अधिक जानकारी देते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री सतीश अग्रवाल ने बताया "कुछ चुनिंदा प्रोमोटरों एवं निवेशकों को इन परिवर्तनीय वारंटों के जारी किए जाने का उद्देश्य है हमारी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि जुटाना। इनमें पेंट, प्लाईवुड तथा पीवीसी पाइप शामिल हैं। हमें पूरा भरोसा है कि इस निर्णय से हम कंपनी की जरूरतों को पूरा कर पाने में सक्षम होंगे और इसका फायदा अंततः हमारे निवेशकों एवं उपभोक्ताओं को जाएगा।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड विविधता के जरिए विकास की सीढ़ियाँ चढ़ने के व्यावसायिक सिद्धांत पर आगे बढ़ती जा रही है। हालांकि कंपनी का ध्यान मुख्य रूप से अपने स्टील से जुड़े कारोबार पर है, इसके बावजूद फ्रेंचाइजी के रूप में अपने साथ नए सहयोगियों को जोड़कर और इन्हें समझौते के आधार पर लाइसेंस देकर अलग–अलग व्यवसाय में उतरने का सिलसिला भी जारी है। अपने इस आविष्कारी मॉडल के जरिए कंपनी निर्माण संबंधी सभी सामग्रियों को एक छत के नीचे उपलब्ध कराने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। हाल ही में कामधेनु के उत्कृष्ट उत्पादों की श्रृंखला में कामधेनु प्लाइवुड, पीवीसी पाइप आदि का नाम जुड़ा है। इस कड़ी में शीघ्र ही कामधेनु पेंट्स का नाम भी शुमार हो जाएगा। कंपनी इन उत्पादों को शीघ्र ही लांच करने की योजना पर काम कर रही है।



अपनी क्षमताओं पर पूरा भरोसा और दूरदृष्टि रखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने उद्योग जगत में अपनी एक विशिष्ट पहचान कायम कर ली है और अपनी आविष्कारी व्यावसायिक नीतियों एवं कुशल रणनीति की बदौलत यह निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कामधेनु की कुशलतम मार्केटिंग टीम ने बाजार में कामधेनु को एक भरोसेमंद कंपनी के रूप में पहचान दिलायी है। अपनी सर्वोत्तम गुणवत्ता, निरंतरता, अत्याधुनिक तकनीक एवं सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला की बदौलत कंपनी के उत्पाद उपभोक्ताओं के बीच बगैर किसी व्यवधान के कहीं भी पहुँच पाने में सक्षम हैं।

आज कामधेनु ब्रांड के उत्पाद देश के कोने–कोने में उपलब्ध हैं और यहाँ तक कि कामधेनु ब्रांड टीएमटी तो आपको पड़ोसी देश नेपाल में भी आसानी से मिल जाएगा। कंपनी अपने विकास एवं विस्तार के प्रति पूरी तरह कृतसंकल्प है। यही वजह है कि आज कामधेनु ब्रांड को विश्वास एवं भरोसे का प्रतीक माना जाता है और इसकी यह साख पिछले 13 वर्षों से कायम है।

RNI. No.: DELHIN/2000/4125, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2006-08




# कामधेनु परिवार की होली में रंगों और मस्ती का समां

रंगों और गुलालों से सराबोर कर वातावरण में मस्ती का रस घोल देने वाली होली का रंग इस बार कामधेनु परिवार पर ऐसा चढ़ा कि हर कोई इस रंग में रंग गया। 21 मार्च की शाम को दिल्ली के छतरपुर में स्थित तिवोली गार्डन में कामधेनु इस्पात लि. की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस रंगीन शाम में कंपनी के सभी निदेशकों के साथ साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के सभी डीलरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरों ने हिस्सा लिया। इनके अलावा कामधेनु परिवार के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने इस माहौल को और रंगीन बना दिया।

समारोह के मौके पर मौजूद सभी लोगों ने एक–दूसरे को रंगो एवं गुलालों से सराबोर किया और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। होली की मस्ती के बीच संगीत की झंकार एवं स्वादिष्ट पकवानों की सोंधी महक ने वातावरण में ऐसा समां बाँधा कि हर कोई मस्ती में चूर होकर झूमता नजर आया।

कामधेनु इस्पात लि. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री सतीश अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा "यह एक ऐसा मौका है जब हम सभी होली के रंगों में सराबोर होकर मस्ती और उल्लास के साथ एक–दूसरे को बधाईयाँ देते हैं। होली के यही रंग हमारे जीवन में खुशियों का सबेरा लाते हैं और हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने भी सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि इससे समाज के अंदर शांति और सद्भाव का एक नया सवेरा जागृत होगा।



**होली की मस्ती में जीएम, श्री राजीव शर्मा, प्रेसिडेंट, श्री पंकज अग्रवाल, सीएफओ, श्री हरीश अग्रवाल, श्री चंदन गोस्वामी एवं कामधेनु परिवार के अन्य सदस्य**

# भूटान में लोकतंत्र की कामयाब पहल



**अपने** पड़ोसी देश भूटान में लोकतंत्र की बयार बह चली है। यहाँ के लोगों ने भारी संख्या में चुनाव में हिस्सा लिया और अब भूटान भी लोकतांत्रिक देशों की कतार में खड़ा हो गया है। मजे की बात यह है कि इस लोकतंत्र की पहल स्वयं शाही सत्ता की ओर से हुई है। जहाँ नेपाल में लोकतंत्र की बहाली के बावजूद शाही सत्ता का मोह लंबे समय तक चला जबकि पाकिस्तान और म्यांमार जैसे देश सैनिक शासन का दंश झेलते रहे वहीं भूटान के शासक जिंग्मे खेसर नाम्ग्येल वांग्चुक ने लोकतंत्र की बहाली की पटकथा स्वयं लिखी और इसे अंजाम तक पहुँचाया।

हालांकि इस पहल में उनके पिता एवं पूर्व शासक जिंग्में सिग्मे वांग्चुक की दूरदृष्टि भी साफ झलकती है। भूटान में लोकतंत्र की पहल के सूत्रधार भी वहीं हैं। छोटी–मोटी घटनाओं को छोड़ दें तो यह चुनाव काफी साफ–सुथरे माहौल में हुआ। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को परास्त कर ड्रूक फ्यूनसम सोंग्पा ने भूटान में पहली लोकतांत्रिक सरकार बनाने का रास्ता साफ कर लिया।

दुनिया के उन देशों के लिए यह एक बड़ा सबक है, जहाँ कई बार व्यक्ति देश से बड़ा हो जाता है और जनता के सारे अधिकारों की बलि चढ़ा दी जाती है। भूटान जैसे छोटे से देश की इस कामयाब पहल को सलाम करना चाहिए जिसने लोकतंत्र को अपनाया है और जनता को शासन करने की कमान सौंपी है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री मनोज गुप्ता
मेसर्स / तनिष्क ट्रेडिंग कंपनी
107–डी, राजेंद्र नगर इंडस्ट्रीयल एरिया
जीटी रोड, मोहन नगर
गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश
मो. 09810013804

श्री देवेंद्र केसरवानी
मेसर्स / गजानन ट्रेडस
मंडी गेट, हल्द्वानी, उत्तराखंड
मो. 09719797411
फोनः 05941–245734

Printed at Mehta Offset Works, A-16 (East), Naraina-II, New Delhi

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13-I.P.Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13- I.P.Extn., Delhi 110092, Tel: 011-22781140-41, 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com